# 100% Selection हिन्दी ऑडिशन स्क्रिप्ट | Audition Script in Hindi

**पूर्वाभास:**

लोगों के घर में काम करने वाली एक झाड़ू वाली है(मोलकरीन ) वह दो-चार घरों में झाड़ू पोछा, बर्तन साथियों और घर का काम करती है, एक दिन उसमें से एक फैमिली किसी फंक्शन के लिए जाने की तैयारी करते हैं| उस घर की मालकिन उसे उसे फंक्शन मैं जाने के बारे में बताती है, हम जाने के बाद घर के सारे काम तुम्हें करने हैं और अच्छी तरह से घर को संभालना है|

इसी स्थिति को नीचे देखिए Hindi audition script में बताया गया है |

**इस ऑडिशन स्क्रिप्ट को मंच पर सादर करते समय ध्यान रहे कि यह कैरक्टर ज्यादा पढ़ा लिखा नहीं है, साथ ही उसकी बॉडी लैंग्वेज, बोलने का तरीका इस सब चीजों का ध्यान रखना जरूरी है|**

## पात्र :

झाड़ूवाली /सफाई कर्मचारी /मोलकरीण 35-40 उम्र

## समय :

1 मिनट 17 सेकंड

## Short Audition Script in Hindi For Female | महिलाओं के लिए विशेष ऑडिशन स्क्रिप्ट

मेमसाहब मेमसाहब ........ आपसे कुछ जरूरी बात करनी है , जी हा थोड़ा अर्जन्ट ही है | आप किधर बाहर जा रही है क्या ? कुछ नहीं आप जाओ बादमे कभी बात करेंगे | वैसे मै पुछ सकती

हु की कहा जा रहे है आप ? अरे वा ! ... चलो अच्छा है , फंगसन (Function ) के लिए तो सही आप बाहर जा रही है ना वो ज्यादा जरूरी है |

वो क्या है न , आपने मुझे काम के लिए रखा तो है पर मेरेसे ज्यादा आप ही काम करते हो | कितनी बार मैंने बोला की आप कही भी घूमने फिरने जो , तो नहीं | लेकिन आज वो दिन आ ही गया | देखो कैसा है मेरी बात अलग है मै क्या दिन मे 2-4 घर मे झाडू पोछा करती है , तो मुझे अलग सी घूमने की जरूरत ही नहीं क्या ? हा हा हा हा हा ॥

सोरी सोरी ... मेमसाहब आप जाइए और हा इधर की फिकर नहीं करना |

अच्छा बाकी घरों का .....नहीं वो हम देखलेंगे , वो क्या है ना हममेसे अगर किसिको प्राबलम (Problem ) होती है तब हम एक दूसरे का काम संभालते है |

एक मिनट हा ....(थैली मे से छोटा फोन निकालकर )

हॅलो कमला वो 2 दिन शर्माजी और शुक्लाजी का घर संभालेगी क्या , वो क्या है मेरे मेमसाहब बाहर जा रहे है तो मुजे इधर रहना पहेगा | और वो बाकी के 2 घर मे गुंजन देखलेगी हा .....चल रखती हु |

लो होगया ,अब बोलो और कुछ बाकी है ?

उसकी चिंता छोड़ो सुबह धूधवाले से दूध लेना है , पेपर वाले से पेपर , टॉमी को घूमने लेकर जाना है , आज के कपड़े ,बर्तन ,लादी ,पोंछा , पेड़ों को पानी देना है .......हुश श श श श ॥ हो गया और कुछ ?

अरे मेमसाहब ये क्या ? पगार के लिये तो टाइम है तो ये बीच मे ......नहीं नहीं मुझे आप जितना पगार देती है उसमे मे खुश हु...

वो क्या बोलते है ...ठेंकू (thank you ) ........

हा हा वही वही ॥ thank you .

चलिए चलिए जाईए अभी .. आपकी गाड़ी आगई |